# नन्दिनी नगर विधि महाविद्यालय

Nandini

(Nandini Group of Colleges)

सूचना विवरणिका

एवं

आवेदन-पत्र

INFORMATION BROCHURE

&

APPLICATION FORM

College Website - www.nnmv.org.in

# मानवता के जीवन मूल्य

जो फूलों सा मन रखकर भी,
फौलादी छाती रखते हैं
अँधियारे का मुँह जो बन्द करे ,
उस लौ की बाती रखते हैं
जिनमे पुष्पों की कोमलता है,
लेकिन कायर सा जिनका कर्म नहीं
बैरी के सम्मुख झुक जाना ,
जिनके जीवन का धर्म नहीं
ऐसी आँधी अंधड को तो,
तिनके भी शीश झुकाते हैं
ये वो हैं जो तूफानों की ,
गति को जंजीर पिन्हाते हैं
भूकंपो की फटती छाती,
भूगोल उसांसे भरता है
ज्वालामुखियों का कवच पहन ,
जब मेरा शेर गरजता है
मत भूलो युद्धों के प्यासों,
ये धरती ही बलिदानी है
लहू से भी ज्यादा गाढा ,
जिनके कुल का पानी है
ये दोस्त दोस्ती करके जो,
दागी व्यवहार नहीं करते
भाई-चारे के परदे में ,
जो लुक-छिप वार नहीं करते
जो विश्व शान्ति की लौ बनकर,
जलने वाले परवाने हैं
मजहबी रोशनी के पहले ,
मानवता के दीवाने हैं
संघर्ष ही है जिनका आभूषण,
उन्हीं को कहते हैं, नेता बृजभूषण

– सत्य प्रकाश शुक्ला

# प्रबन्धक का निवेदन




उत्तर-प्रदेश के गोण्डा जनपद में परम पवित्र सरयू-तट पर स्थापित इस उच्च शिक्षा केन्द्र 'नन्दिनी नगर महाविद्यालय' प्रांगण में आज अपने हृदय का उद्‌गार आप सबके सम्मुख प्रकट करते हुए मुझे एक अनूठा सुख-संतोष प्राप्त हो रहा है। यह विद्यालय शिक्षा-सेवा के क्षेत्र में हमारे उन सुनहरे सपनों का पुंज-प्रतीक है जो मैंने किशोरावस्था में ही देखना प्रारम्भ किया था और जिसे साकार करने में आप सबका, यहाँ के अभिभावकों, विद्यार्थियों, लोकसेवियों, संत -महात्माओं, अनुभवसिद्ध बुजुर्गो तथा कर्मठ-उत्साही नौजवानों का हाथ रहा है। गोण्डा जनपद तथा समीपवर्ती क्षेत्रों के ग्रामांचल की धरती अशिक्षा तथा पिछड़ेपन के अन्धकार से उबर सके, यहाँ पारम्परिक सांस्कृतिक शिक्षा का गौरवशाली स्वरूप भी सुरक्षित रहे तथा आधुनिक प्रगतिशील, तकनीकि विज्ञानोन्मुख शिक्षा का भी समग्र विकास हो, यही हमारा लक्ष्य रहा है। मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम के पूर्वज महाराज दिलीप ने इसी भूभाग में अनन्त शक्तिमयी गौमाता नन्दिनी की सेवा के बहाने से महान् लोकादर्शों की प्रतिष्ठा की थी। महाकवि गोस्वामी तुलसीदास का प्रादुर्भाव इसी भू-भाग में हुआ जो देश -देशान्तर में मानवीय संस्कृति के महान् लोकनायक के रूप में जाने गये। सनातन युग से चला आ रहा इस धरती का गौरव हमारी थाती है तथा इसे सुरक्षित रखने की सभी चुनौतियों का हमें हरदम सामना करते रहना है। इस शिक्षा-केन्द्र को चकित कर देने वाली ऊँचाइयों तक ले जाना ही हमारे जीवन की सच्ची सफलता होगी, ऐसा मैं रात -दिन सोचता रहता हूँ ।

आज जहाँ मैं आप लोगों के बीच खड़ा हूँ वहाँ से चारो ओर दूर-दूर तक की जनता ने मुझे कई-कई बार देश की लोकसभा में प्रतिनिधित्व का अवसर दिया है। यह जनता बड़े प्रेम तथा विश्वास की दृष्टि से मुझे देखती आयी है। यहाँ की इस जनता का मेरे व्यक्तित्व के निर्माण में अविस्मरणीय योगदान है। आप सभी अवगत हैं कि अपनी प्रबन्ध-व्यवस्था के माध्यम से इस जनपद में तथा इस जनपद के बाहर भी लगभग 54 उच्च शिक्षा संस्थानों की स्थापना की गयी है, उसकी मुख्य प्रेरणा भूमि नन्दिनी नगर की यही पावन धरती है।

**मा. बृजभूषण शरण सिंह**
प्रबन्धक/संस्थापक
सांसद - कैसरगंज
अध्यक्ष : भारतीय कुश्ती संघ
उपाध्यक्ष : एशियन कुश्ती संघ

# प्रबन्ध निदेशकों का संदेश





नन्दिनी नगर महाविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में दिन-प्रतिदिन नये आयाम को जोड़ता हुआ विकास की राह पर अग्रसर है। इस महाविद्यालय में रोजगारपरक शिक्षा को वरीयता दी गयी है, जिससे कि समाज में व्याप्त अशिक्षा एवं बेरोजगारी को दूर किया जा सके। इस महाविद्यालय में देश के सभी प्रान्तों से छात्र-छात्राएँ आकर शिक्षा ग्रहण करते हैं।

महाविद्यालय परिसर का निर्माण प्रकृति के अनुरूप किया गया है एवं यह प्रयास किया गया है कि छात्रों को समस्त सुविधाएँ परिसर में ही उपलब्ध करायी जा सकें।

मैं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्रों को धन्यवाद देता हूँ कि उन्होंने महाविद्यालय की प्रगति में सराहनीय भूमिका अदा की है।

**प्रतीक भूषण सिंह**
विधायक सदर, गोण्डा
प्रबन्धक निदेशक

**करन भूषण सिंह**
उप प्रबंधक
उपाध्यक्ष- भारतीय कुश्ती संघ

# प्राचार्य का संदेश



जब देश की एक अरब से ऊपर की जनसंख्या में जाति, धर्म और भाषा के भाँति-भाँति के अद्‌भुत फूल खिले हों तो उन्हें पिरोकर माला बनाने का कार्य शिक्षा ही कर सकती है। इसमें उस राष्ट्र की युवा शक्ति का महत्त्वपूर्ण योगदान होता है। विद्या युवाओं के आन्तरिक ऊर्जा का विकास कर उनके व्यक्तित्व में प्रतिभा व कुशलता के नवपुष्प प्रस्फुटित करती है, जिससे समाज में आदर्शवाद के नये मापदण्ड स्थापित होते हैं। इसी विकास का वातावरण शिक्षा के माध्यम से महाविद्यालयों में बनाया जाता है जिससे युवाओं में देश में व्याप्त समस्याओं - जनसंख्या, पर्यावरण प्रदूषण, बेरोजगारी, गरीबी, आतंकवाद, भ्रष्टाचार इत्यादि से संघर्ष करने की क्षमता विकसित हो।

अशिक्षा मनुष्य के प्रगति पथ को अवरुद्ध कर उसे दुर्गम बना देती है, विद्या का यथेष्ट प्रकाश ही तिमिरापहरण कर सकता है इन्हीं बिन्दुओं को विचार में रखकर नन्दिनी नगर पी. जी. कालेज 'अहर्निश सेवामहे' की भावना से विविध, शैक्षिक और प्रशैक्षिक कार्यक्रम प्रसारित कर रहा है जिससे विद्यार्थियों की बहुमुखी प्रतिभा के विकास के साथ-साथ रोजगार उपलब्ध कराने में भी सहायक सिद्ध हुआ है।

इस पुण्य-प्रयोजन में हमारे माननीय प्रबन्धक एवं सांसद श्री बृजभूषण शरण सिंह जी का वरदहस्त हमारे महाविद्यालय पर है। ''शिक्षित देवीपाटन, स्वस्थ देवीपाटन, हरित देवीपाटन'' के उद्‌घोष में स्वर मिलाकर यह महाविद्यालय मण्डल की जागृति के लिए कटिबद्ध है।

इस महाविद्यालय में हमारे प्राध्यापक एवं अन्य कर्मचारीगण धन्यवाद के पात्र हैं। मैं अपने विद्यार्थियों को भी धन्यवाद देता हूँ जो निष्ठा और अनुशासन पूर्वक हमारे अभियान में संलग्न हैं।

**डॉ. जयशंकर प्रसाद पाण्डेय**
**प्राचार्य**

# नन्दिनी ग्रुप ऑफ कालेज़ेस में संचालित पाठ्यक्रम

□ **Syllabus**

**L.L.B. Ist Semester**

1. Law of Contract –I
2. Constitutional Law –I
3. Family Law-I (Hindu Law)
4. Low of Torts-I
5. Public International Law –I
6. Law of Crime-I
7. Legal Language/Legal Writing Including General English

**L.L.B. IInd Semester**

1. LAW OF CONTRACT-11
2. CONSTITUTIONAL LAW-11
3. FAMILY LAW-II (MUSLIM LAW)
4. LAW OF TORTS-II
5. HUMAN RIGHTS AND INTERNATIONAL LA W-II
6. LAW OF CRIME-II
7. INTERPRETATION OF STATUTES

**L.L.B. IIIrd Semester**

1. Jurisprudence - I (Legal Theory)
2. Company Law
3. Property Law - I (Transfer of Property Act.)
4. Criminal Procedure Code – I
5. Law of Evidence
6. Labour & Industrial Law – I
7. Practical Training
   (Professional Ethics & Lawyers Accounting System)

**L.L.B. IV Semester**

1. JURISPRUDENCE -11
2. LAW OF INSURANCE
3. PROPERTY LAW -11
4. CRIMINAL PROCEDURE CODE-II
5. CODE OF CIVIL PROCEDURE AND LIMITATION ACT
6. LABOUR LAW AND INDUSTRIAL LAW-II


**L.L.B. Vth Semester**

1. Administrative law - I
2. Taxation Laws
3. Land Law including Ceiling &Other Local Laws-I
4. Criminology and Penology
5. Arbitration Conciliation & Alternate Dispute Resolution System
6. Law and the Child

**L.L.B. VIth Semester**

1. ADMINISTRATIVE LAW-11
2. ENVIRONMENTAL LAW
3. LAND LAWS INCLUDING CEILING AND OTHER LOCAL LAWS -1I
4. INTERNATIONAL ORGANIZATION
5. INTELLECTUAL PROPERTY LAW
6. WOMEN AND THE LAW

नन्दिनी नगर विधि महाविद्यालय
नवाबगंज-गोण्डा




प्रवेश हेतु लिंक करें- www.onlinennmv.in (Nandini Nagar P.G. Collage Nawabgang-Gonda)

प्रवेश हेतु लिंक करें- www.onlinenel.in (Nandini Educational Institute, Nawabgang-Gonda)

प्रवेश हेतु लिंक करें- www.onlinenc.in (Nandini College, Nawabgang-Gonda)

प्रवेश हेतु लिंक करें- www.onlinennvm.in (Nandini Nagar Vidhi Mahavidyalaya, Nawabgang-Gonda)

'Scan Here to Locate Us at Map'



Helpline No. : 9839529091, 9565749091

University Website : www.rmlauexams.in

सम्बद्ध- डॉ० राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या